हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 जून 2024

तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 28.8 डिग्री

12 व्यापारियों ने आवाज उठाई तो नगर परिषद टीम बाजार में नजर आई


12 मौसम में बदलाव से हवा में बढ़ी नमी उमस भरी गर्मी ने जमकर किया परेशान


## खबर संक्षेप

### जेठ के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** सरकुलर रोड के एक वार्ड में रहने वाली महिला ने अपने जेठ पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया गया है। पुलिस बयान में महिला ने आरोप लगाया कि उसका जेठ दिनेश शराब के नशे में उसके घर आ गया। उसने उसे अपने साथ चलने को कहा। जब उसने साथ जाने से मना किया तो उसने गाली-गलौज करते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके पति ने बचाव कराते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया।

### भगतसिंह कॉलोनी से एक व्यक्ति गायब

**रेवाड़ी।** भगतसिंह कॉलोनी से करीब 50 वर्षीय व्यक्ति घर से लापता हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में महिला पूनम देवी ने बताया कि वह करीब पांच साल से कॉलोनी में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रही है। उसका पति अर्जुन सिंह 24 जून को सुबह के समय घर से बाहर घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। मोबाइल पर संपर्क करने पर फोन बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पति का कोई पता नहीं चल सका है।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोसली पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 29 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी सचिन उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने महेश्वरी में 11 जून का मारपीट करने और धमकी देने के आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### तीतरपुर से ट्रांसफार्मर की रॉड चोरी

**धारूहेड़ा।** तीतरपुर में चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर उसका तेल व रॉड चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ ने बताया कि जेई विनोद कुमार को सूचना मिली थी कि गांव में लगा 63 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर देखा तो ट्रांसफार्मर ऑयल और उसकी रॉड गायब मिलीं। इससे एक ओर जहां उपभोक्ताओं की बिजली बाधित हो गई, वहीं निगम को 1.31 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### दुष्कर्म के बाद धमकी देने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 24 जून को केस दर्ज किया था। पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद डीएसपी आशीष चौधरी ने मामले की जांच शुरू की थी। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मॉडल टाउन एरिया की एक कॉलोनी निवासी हिमांशु को इस मामले में गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद भोंडसी जेल भेज दिया गया।

### बाजार गई महिला वापस घर नहीं आई

**बावल।** कसोला क्षेत्र के एक गांव से 30 महिला बाजार जाने के बाद घर नहीं लौटी। मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले युवक ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह एक अस्पताल के निर्माणकार्य के चलते वहां मजदूरी करता है। वह परिवार के साथ एक गांव में रह रहा है। उसकी पत्नी 13 जून को घर से बाजार सामान लाने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चल सका।

---

### एससीओ के प्लॉट भी जल्द होंगे किसानों के नाम

# एम्स के लिए जमीन देने वाले किसानों को राहत निगम अपने खर्च से ट्रांसफर करेगा कनेक्शन

**कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने दिए डीसी को निर्देश**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

माजरा में एम्स निर्माण के लिए अपनी कृषि भूमि दे चुके किसानों के बिजली कनेक्शन निगम फिलहाल अपने खर्च पर ट्रांसफर करेगा। बाद में निगम कनेक्शन ट्रांसफर करने का खर्च केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग से वसूल करेगा। साथ ही एससीओ के प्लॉट भी जल्द जमीन देने वाले किसानों के नाम हो जाएंगे। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने बुधवार को एम्स निर्माण समिति के पदाधिकारियों से डीसी से बातचीत के बाद यह आश्वासन दिया है। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से इन किसानों को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। एम्स निर्माण के लिए माजरा के किसानों ने लगभग 33 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सरकार को अपनी जमीनें दी थीं। किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से एससीओ में 500 वर्ग गज प्लॉट देने का भी आश्वासन दिया गया था। बीते 16 फरवरी को पीएम मोदी एम्स का शिलान्यास कर चुके हैं। इसके बाद एम्स का निर्माणकार्य भी शुरू हो चुका है। लोकसभा चुनावों से पहले कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल के प्रयासों से ही यह तय हुआ था कि जिन किसानों के बिजली कनेक्शन इस जमीन पर हैं, उनके बिजली कनेक्शन सरकार अपने खर्च पर ट्रांसफर कराएगी। साथ ही एससीओ के प्लॉट किसानों के नाम करने पर स्टांप ड्यूटी भी सरकार वहन करेगी। इसके लिए कैबिनेट में मंजूरी दी जा चुकी है। बिजली निगम की ओर से किसानों के कनेक्शन ट्रांसफर करने के लिए लगभग 53 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया था, परंतु सरकार की ओर से निगम को पत्र नहीं मिलने के कारण कनेक्शन ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। बुधवार को एम्स समिति के प्रधान जगदीश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल से मुलाकात करते हुए दोनों समस्याओं के समाधान की मांग की।


रेवाड़ी। डा. बनवारीलाल से मुलाकात करने पहुंचे एम्स निर्माण समिति के पदाधिकारी।

**फसल बिजाई के बाद आएगी दिक्कत:** बरसात का मौसम शुरू होने के बाद किसान बाजरे की बिजाई शुरू कर देंगे। अगर बिजली कनेक्शन ट्रांसफर करने में देरी होती है, तो खड़ी फसल से लाइन निकालना आसान नहीं होगा। ऐसे में किसान जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन शिफ्ट कराना चाहते हैं। 27 किसानों के बिजली कनेक्शन ट्रांसफर होने हैं। एक किसान अपने खर्च पर कनेक्शन शिफ्ट करा चुका है। किसानों का कहना है कि उन्होंने महज 33 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन सरकार को दी है। अब एम्स के आसपास जमीन के दाम दो से तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गए हैं।

**मंत्री के आदेश पर एक्शन में निगम:** कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल के आदेश पर पाली गोठड़ा सब स्टेशन के अधिकारी बिजली कनेक्शन शिफ्ट करने के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। निगम के एसडीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि निगम की ओर से तुरंत रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। निगम किसानों के कनेक्शन पहले अपने खर्च पर ट्रांसफर करेगा। इसके बाद कनेक्शन ट्रांसफर करने पर आने वाले खर्च की वूसली केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग से करेगा। इसके लिए सरकार की ओर से मंजूरी मिल चुकी है। निगम लगभग एक माह के अंदर सभी किसानों के बिजली कनेक्शन ट्रांसफर कर देगा। इसकी प्रक्रिया तुरंत प्रभाव से शुरू की जा रही है।

**दोनों समस्याओं का समाधान होगा**



माजरा के किसानों की दोनों समस्याओं का समाधान जल्द होगा। प्लॉट के स्टांप ड्यूटी सरकार खुद वहन करेगी, जिस पर कैबिनेट की मुहर पहले ही लग चुकी है। इसके लिए डीसी से बातचीत की जा चुकी है। किसानों के बिजली कनेक्शन ट्रांसफर कराने की प्रक्रिया भी तुरंत प्रभाव से शुरू कराई जा रही है।
*-डा. बनवारीलाल, कैबिनेट मिनिस्टर।*

**मंत्री ने दिया समाधान का आश्वासन**



बिजली कनेक्शन ट्रांसफर नहीं होने और प्लॉट के मामले में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल से उनके ऑफिस में मुलाकात हुई है। मंत्री ने किसानों की दोनों समस्याओं का जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया है। इसके लिए डीसी और बिजली निगम के अधिकारियों से डा. बनवारीलाल की बात हो चुकी है।
*-जगदीश यादव, प्रधान, एम्स निर्माण समिति।*

---


रेवाड़ी। पोल व तार टूटने के बाद लाइन ठीक करते निगम कर्मचारी।

## वाहन की टक्कर से गिरे बिजली के पोल, तीन गांवों की बिजली बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

गांव ढाणी ठेठरबाढ़ में मंगलवार की रात किसी वाहन ने 11 केवी की बिजली लाइन के पोल को टक्कर मार दी। इससे बिजली के दो पोल टूट गए। लाइन के तार जमीन पर गिर गए। डीएस फीडर बंद रहने के कारण तीन गांवों की बिजली घंटों बाधित रही, जिससे लोगों को भारी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव के बाहरी एरिया में रात को किसी वाहन ने एच पोल को टक्कर मार दी, जिससे बिजली के पोल टूट गए। लाइन के तार टूटकर जमीन पर गिर गए। लाइन ट्रिप होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। वाहन चालक घटना के बाद फरार हो गया। बिजली निगम के कर्मचारियों ने बुधवार सुबह पोल गाड़ने व लाइन के तार खींचने का कार्य शुरू किया। इस दौरान जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़ और निमोठ गांव की बिजली आपूर्ति बंद रही। लोगों को भारी गर्मी के चलते बिना बिजली शाम तक परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को करीब 5 बजे लाइन चालू की गई, जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। निगम के फोरमैन राजकुमार ने बताया कि पोल और तार टूटने से निगम को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

### नशा मुक्त बनाने के लिए अलर्ट मोड में कार्य करें अधिकारी

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला नार्को समन्वय कमेटी में शामिल अधिकारी जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए अलर्ट मोड में कार्य करते हुए अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें। डीसी हुड्डा बुधवार को एसपी शशांक कुमार सावन के साथ जिला नार्को समन्वय कमेटी की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए जरूरी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को जिले में नशे का कारोबार करने वालों के ठिकानों पर रेड मारते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग सर्वे कराते हुए नशा करने वालों की पहचान करें और उनकी काउंसलिंग कराएं। एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिले को नशा व अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन प्रभावी कदम उठा रहा हैं। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

---

## वाहन ने मारी बिजली पोल को टक्कर ट्रांसफार्मर और लाइन क्षतिग्रस्त

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी गांव में किसी वाहन ने रात के समय बिजली के पोल को टक्कर मार दी, जिससे ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरने से लाइन बाधित हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली ने पुलिस शिकायत में बताया कि रात के समय कोई वाहन चालक बिजली के पोल को टक्कर मारकर फरार हो गया। यह पोल व ट्रांसफार्मर कोटकासिम रोड पर लगे हुए हैं। पोल गिरने से बिजली ट्रांसफार्मर व लाइन डैमेज हो गए। रात का समय होने व लाइन ट्रिप कर जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। इससे गांव के एक हिस्से की बिजली बाधित हो गई। बिजली निगम को इससे 2.66 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गर्मी के मौसम में लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों का बिजली के बिना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम की ओर से लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर भूख हड़ताल

- मांगे नहीं मानी तो करेंगे परिवहन मंत्री आवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा रोड़वेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को रोडवेज कर्मचारियों की ओर से सांकेतिक भूख हड़ताल की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान राजपाल यादव, प्रधान शवि कुमार, प्रधान संजय यादव, प्रधान प्रवीण यादव, प्रधान सुरेश पालड़ा, प्रधान प्रवीण, प्रधान यशपाल, प्रधान दिनेश, प्रधान जितेंद्र व प्रधान पवन ने संयुक्त रूप से की तथा संचालन इंटक प्रधान अभय यादव ने किया। धरने से पहले रोडवेज कर्मचारियों की ओर से प्रधान सचिव, महानिदेशक व महाप्रबंधकों की मनमानी व जारी फरमानों के विरोध में रोडवेज डिपो में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य पूर्व रोडवेज प्रधान कैलाश चंद, जगदीश चौहान व वीरेंद्र सिंह ने कहा कि 23 जून 2023 को परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों के साथ मोर्चे के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई थी, जिसमें कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाशों में कटौती न करने, चालक-परिचालक का पे-ग्रेड बढ़ाने, 2016 के चालकों को पक्का करने, 2002 के चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, सहायक स्टोर कीपर व सहायक कैशियर पद समाप्त करने तथा चालकों का स्टैंड इंचार्ज का पद सृजित करके प्रमोशन करने की मांगो पर सहमति बनी थी, जिसके लिए परिपत्र जारी करने का अश्वाशन दिया था, लेकिन अब तक मांगो को लागू करने के परिपत्र जारी नहीं किए हैं। दूसरी ओर कर्मचारी व विभाग विरोधी फरमान जारी किए जा रहे हैं, जिसमें चालकों व परिचालकों का ओवर टाईम सीमित करना, चालक परिचालकों के 30 रात्रि ठहराव को घटाकर 10 रात्रि ठहराव तक सीमित करना, यूनियन नेताओं को द्वेष भावना से ड्यूटी देकर परेशान करना, बीमार कर्मचारियों से लंबे मार्गो पर ड्यूटी कराना, कर्मचारियों के दये अर्जित अवकाशों में कटौती करने व 5 घंटे से अधिक मार्ग ड्यूटी के बाद 30 मिनट का रेस्ट देने के नाम चालकों व परिचालकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा महीनों से मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। एलटीसी का भुगतन नहीं किया जा रहा हैं। कई महीनों के ओवर टाइम व रात्रि ठहराव भत्ते का भुगतान भी नहीं किया जा रहा हैं। रोडवेज कर्मचारियों को सभी प्रकार के केसों की जांच समय पर न होने से अनेक प्रकार के लाभों से वंचित होना पड़ रहा हैं।


रेवाड़ी। सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

## मालिकाना हक न मिलने पर 40 दुकानदारों में रोष

- नाईवाली स्थित नई सब्जी मंडी के दुकानदारों के किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से सभी पुराने दुकानदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना योजना लाई गई थी, लेकिन इस योजना का लाभ आज तक जिले के दुकानदारों को नहीं दिया गया है। जिला-नाईवाली चौक के पास स्थित नई सब्जी मंडी में करीब 40 से ज्यादा दुकानदार पिछले कई वर्षों से दुकानों का मालिकाना हक पाने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे है। मार्केट कमेटी के अधीन आने वाली इन दुकानों के प्रधान सुरेंद्र अग्गी ने बताया कि पिछले साल भी दुकानदारों ने सरकार की ओर से ओपन किए गए पोर्टल पर अपनी दुकानों का पंजीकरण कराकर मालिकाना हक पाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें आज तक सरकार की स्वामित्व योजना का अधिकार नहीं दिया गया है। दुकानदार सभी नियमों का पालन करते हुए अपनी शिकायतें पोर्टल पर भी दर्ज करा चुके हैं। बुधवार को नई सब्जीमंडी स्थित 40 दुकानदारों ने रोष जताते हुए सरकार, प्रशासन तथा मार्केट कमेटी से अनुरोध किया कि वह दुकानदारों की समस्या को गंभीरता लेते हुए इस पर ध्यान दें ताकि उनको दुकानों का मालिकाना हक मिल सकें। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इन 40 दुकानों के साथ 400 परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। सरकार व प्रशासन व्यापारी वर्ग मांग पर सकारात्मक कदम उठाकर राहत देने का कार्य करें।


रेवाड़ी। दुकानों के मालिकाना हक की मांग करते दुकानदार। *फोटो: हरिभूमि*

## झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे दस लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस को झूठी शिकायत दर्ज कराने के बाद फैसले के नाम पर 5 लाख रुपये ऐंठ चुकी महिला ने एक बार फिर युवक को फंसाने के लिए शिकायत दर्ज करा दी। इस बार उसने शिकायत वापस लेने की ऐवज में 10.20 लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने महिला और उसके सहयोगी को 3 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

महेंद्रगढ़ के तोताहेड़ी निवासी संदीप की पत्नी राकेश देवी ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसके जेठ राजबीर की साली राजस्थान के मेहयादा जाटूवास निवासी शर्मिला चांदपुर की ढाणी में रह रही है। उसकी जेठानी भतेरी ने कुछ समय पहले उसके पति को कुछ सामान शर्मिला के घर पहुंचाने के लिए भेजा था। वहां शर्मिला ने संदीप से पूछा कि वह क्या काम करता है, तो संदीप ने उसे बताया कि वह एक कंपनी में बड़े पद पर कार्य करता है। इसके बाद शार्मिला ने पैसे ऐंठने के लिए मॉडल टाउन थाना पुलिस को गत 10 फरवरी को झूठी शिकायत दर्ज करा दी। संदीप के भाई राजबीर ने समझौता कराने के प्रयास किए, तो शर्मिला ने समझौता करने के नाम पर 5 लाख रुपये की डिमांड की। संदीप ने अपने भाई के मार्फत उसे पांच लाख रुपये दे दिए। संदीप के भाई राजबीर का कुछ समय बाद आकस्मिक निधन हो गया।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- तीन लाख रुपये लेते महिला सहित दो गिरफ्तार

---

### लोकसभा चुनावों के बाद शुरू हुई सुगबुगाहट थमी, टिकट के लिए ताल ठोकने से भी बचने लगे दावेदार

# शांत नजर आ रहे भाजपा के खेमे, हाईकमान के रुख पर टिकी निगाहें

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश कांग्रेस की तर्ज पर अहीरवाल भाजपा इस समय गुटबाजी की ज्यादा शिकार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, परंतु अहीरवाल भाजपा के दोनों खेमे इस समय चुप्पी साधे हुए हैं। विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटने वाले राव समर्थक टिकट के दावेदारों की तैयारियों पर ब्रेक लगे हुए हैं, तो राव विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं ने भी टिकट को लेकर बयानबाजी लगभग बंद कर दी है। देखना यह होगा कि आने वाले समय में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को कितना महत्व देता है।


मुकेश कापड़ीवास


अरविंद यादव


सुनील मुसेपुर


आरती राव

रेवाड़ी हलके में राव विरोधी खेमे से माने जाने वाले डा. अरविंद यादव अपना चुनाव कार्यालय पहले ही खोल चुके हैं। उन्हें पार्टी से बिना मांगे टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है। उनके सिर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकमदेव नारायण का हाथ है, तो प्रदेश स्तर पर पार्टी के लिए किए गए कार्यों का परिणाम भी उन्हें टिकट के रूप में चाहिए। विरोधी खेमे से ही पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास अपने स्थान पर भतीजे मुकेश कापड़ीवास को टिकट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। मुकेश ने काफी समय से हलके के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क तेज किया हुआ है। राव विरोधी खेमे से जुड़े मुकेश कापड़ीवास टिकट की परवाह किए बिना जनसंपर्क अभियान को गति दे रहे हैं। वह लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी संपर्क बनाए हुए हैं। इस खेमे में टिकट के दावेदार अमित यादव और भाजपा के दूसरे कई नेता हैं, परंतु इस समय इन नेताओं ने टिकट को लेकर चुप्पी साधी हुई है। खासकर ऐसे समय में विरोधी खेमा शांत नजर आने लगा है, जब राव की भाजपा के शीर्ष नेताओं से नाराजगी की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि विधानसभा चुनावों में अहीरवाल क्षेत्र में राव के व्यक्तिगत जनाधार को भुनाने के लिए भाजपा के शीर्ष नेताओं की रणनीति क्या होगी।

**राव खेमे से तीन दावेदार अब शांत मुद्रा में**

राव खेमे से पिछला चुनाव लड़ चुके सुनील मुसेपुर एक बार फिर रेवाड़ी हलके से भाग्य आजमाने के लिए तैयार हैं। इसी खेमे से अजय पटौदा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में हैं। राव की ओर से संकेत मिलने के बाद अनिल रायपुर ने भी इस हलके में सक्रियता बढ़ाई हुई है। लोकसभा चुनावों के बाद से ही तीनों ने एक बार चुनावी तैयारियों को लेकर कमर कस ली थी, परंतु इस समय तीनों की राजनीतिक गतिविधियों पर ब्रेक लगे हुए हैं।

**भाजपा के सामने राव को लेकर दो रास्ते**

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने राव इंद्रजीत सिंह को लेकर दो रास्ते हैं। एक तो उनके जनाधार को देखते हुए अहीरवाल की चुनिंदा सीटों पर उनकी पसंद के नेताओं को टिकट का भरोसा दिलाया जा सकता है। दूसरे जनाधार की परवाह किए बिना पार्टी पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट देकर मैदान में उतार सकती है। पार्टी अकेले आरती राव की टिकट को लेकर भी राव के साथ पटरी बैठा सकती है।

### जमीनी विवाद में भाई पर धारदार हथियार से हमला

**कुंड।** टींट गांव में जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। थाना खोल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन महेश ने पुलिस बयान में बताया कि वह अपने खेत में बाजरा बिजाई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। बिजाई शुरू करते समय उसका बड़ा भाई सतबीर ट्रैक्टर के आगे बैठकर गाली-गलौज करने लगा। उसने अपने भाई को बताया कि उसके हिस्से की जमीन छोड़ रखी है। वह अपने हिस्से की जमीन पर बिजाई कर रहा है। महेश ने आरोप लगाया कि इसी दौरान सतबीर ने उसके साथ मारपीट करते हुए दोनों हाथों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।



## डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## अवेयरनेस

रेखा देशराज

इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

### डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

### मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।


विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम







### यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

### इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

### बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

## सेल्फ ट्रीटमेंट

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

# गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान





हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मज़बूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

प्रस्तुतिःसंध्या रानी

## हर्बल जोन

# कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मीः** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इसमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवालाः** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * -एफएमएन

## डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

# खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्स्ट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।





**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

## खबर संक्षेप

### छात्र संख्या के आधार पर दी जाएगी सहायता

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से संस्कृत संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हरियाणा के गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर संस्कृत संस्थानों को हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या 50 से 80 तक है तो उस संस्थान को दो लाख रुपए, 80 से 100 विद्यार्थियों वाले संस्थान को तीन लाख रुपए, 100 से 200 विद्यार्थी होने पर पांच लाख रुपए तथा विद्यार्थियों की संख्या 200 से अधिक होने पर सात लाख रुपए की राशि प्रति वर्ष वित्तीय सहायता के तौर पर दी जाएगी।

### पीओ स्टाफ ने काबू किया बेल जंपर

रेवाड़ी। पीओ स्टाफ ने अदालत से जमानत मिलने के बाद फरार चल रहे एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया है। नूंह के पंचगांव निवासी इरफान के खिलाफ थाना कोसली पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 17 जुलाई 2005 को केस दर्ज किया था। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी कोर्ट से फरार चल रहा था। उसे कोर्ट ने बेल जंपर करार दिया हुआ था।

### राहुल को विपक्ष का नेता बनाने का स्वागत

रेवाड़ी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने इंडिया गठबंधन की ओर से राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किए जाने का स्वागत किया है। बधुवार को एक बयान में विद्रोही ने कहा कि राहुल को विपक्ष का नेता बनाकर सही दिशा में सही कदम उठाया गया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अब एनडीए गठबंधन की सरकार के खिलाफ प्रमुखता के साथ आवाज उठा सकेंगे।

### मिलिट्री के हेल्थ ऑफिसर का ट्रेन में बैग चोरी

रेवाड़ी। जयपुर से हिसार एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे मिलिट्री हॉस्पिटल के जयपुर हेल्थ सेक्शन के सीनियर हेल्थ सुप्रींटेंडेंट का गत 1 जून को रेवाड़ी के पास बैग चोरी हो गया था। बैग में हेल्थ ऑफिसर का काफी सामान व दस्तावेज थे। जीआरपी ने हिसार से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को दिए दिशानिर्देश

# एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून, बीएनएस व बीएनएसएस के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस तैयार

**राज्य स्तरीय पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों से प्रशिक्षित 153 मास्टर ट्रेनरों की ओर से 300 से भी ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए कानून बारे किया जा चुका प्रशिक्षित**


रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसपी शशांक सावन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आगामी एक जुलाई से देश में तीन नए कानून लागू होने जा रहे है। भारतीय दंड संहिता यानि आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी तथा साक्ष्य अधिनियम यानि एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता यानि बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानि बीएनएसएस तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानि बीएसए ने ले ली है। अब कानून व पुलिस प्रक्रिया नए कानूनों के अनुसार लागू होगी। भारतीय दंड संहिता यानि आईपीसी में जहां 511 धाराएं थी, वहीं अब आईपीसी में 358 धाराएं हैं, जिनको 20 अध्याय में विभाजित किया गया है। 33 अपराधों में सजा की अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की राशि बढ़ाई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान किया गया है। बीएनएस के माध्यम से सजा के एक नए तरीके के तौर पर सामुदायिक सेवा को जोड़ा गया है तथा 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान रखा गया है।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में जिला पुलिस लाइन में एक जुलाई से भारत में लागू होने वाले तीन नए कानूनों के संबंध में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी, डीएसपी कोसली जयसिंह, सभी थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट इंचार्ज, चौकी इंचार्ज व काफी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। एसपी सावन की ओर से सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों को नए कानूनों के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने नए कानूनों के बारे में वर्कशॉप के माध्यम से दी गई जानकारी का गहनता से अध्ययन करने की हिदायत दी ताकि पुलिस कार्यशैली को अधिक प्रभावी बनाकर आरोपियों को सजा दिलाई जा सकें। एसपी ने कहा कि पुलिस प्रस्तावित नए कानूनों को लागू करने के लिए पूर्ण रुप से तैयार है।

बलपूर्वक तथा हिंसा करते हुए दंगे करना बीएनएस की धारा 191 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा।

#### बीएनएसएस की धाराओं के मुख्य बिंदु

सीआरपीसी में 484 धाराएं थी, वहीं अब बीएनएसएस में 531 धाराएं हैं, पूर्व में प्रथम सूचना रिपोर्ट सीआरपीसी की धारा 154 के तहत अंकित की जाती थी जो कि अब बीएनएसएस की धारा 173 के तहत अंकित की जाएगी। बीएनएसएस की धारा 105 के तहत अनुसंधान के दौरान बरामदगी के समय वीडियोग्राफी की जानी आवश्यक होगी। बीएनएसएस की धारा 176(3)के तहत 7 साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट की ओर से घटनास्थल का निरीक्षण अनिवार्य होगा। नए प्रावधान बीएनएसएस के अनुसार अब कोई भी बलात्कार पीड़िता अपने ब्यान मोबाइल फोन सहित किसी भी अन्य ऑडियो या विडियो इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से भी अंकित करा सकती है। सम्मन/नोटिस तथा वारंट ई-मेल के द्वारा भी तमिल कराए जा सकते है। बीएनएसएस की धारा 43 के तहत आदतन अपराधी, हिरासत से भागा हुआ अपराधी, संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, नशीली दवाओं से संबंधित अपराध, हथियार या गोला बारूद का अवैध कब्जा रखना, हत्या, बलात्कार व राज्य के खिलाफ अपराध सहित कुछ अन्य मामलों में पुलिस की ओर से आरोपी को गिरफ्तार करते समय या मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करते समय हथकड़ी इस्तेमाल करने के भी प्रावधान किए गए है।

नए कानूनों के तहत भगोड़े अपराधियों पर सख्ती की जाएगी। उनकी गैर-मौजूदगी में कोर्ट में ट्रायल भी हो सकेगा। अब फरार घोषित अपराधी के बगैर भी मुकदमा चल सकेगा। फरार आरोपी पर आरोप तय होने के तीन महीने बाद ट्रायल शुरू हो जाएगा। अदालत को पहली सुनवाई की तारीख से 60 दिन के भीतर आरोपी पर आरोप तय करने होंगे। सुनवाई पूरी होने के बाद 30 दिन के अंदर फैसला सुनाना होगा तथा फैसले की घोषणा 7 के अंदर न्यायालय की ओर से पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

#### बीएनएस धारा के महत्वपूर्ण बिंदु

बीएनएस में आईपीसी की ज्यादातर धाराओं को शामिल किया गया। भारतीय न्याय संहिता में कम्युनिटी सर्विस को सजा के तौर पर शामिल किया गया है।

राजद्रोह के स्थान पर भारत की संप्रभुता, अखंडता व एकता को खतरे में डालना को शामिल किया गया है। किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह की ओर से हिंसा की धमकी, हिंसा का उपयोग या किसी अन्य गैर-कानूनी तरीके से अपराध करने को संगठित अपराध करने की श्रेणी में लिया गया है, जिसके लिए बीएनएस की धारा 111 में सजा का प्रावधान है। आर्थिक अपराधों को भी इस श्रेणी में शामिल किया गया है। किसी अपराध को करने के लिए बच्चों को काम में लगाना बीएनएस की धारा 95 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा।

भारत में अपराध के लिए भारत के बाहर किसी को बहकाना या उकसाने को बीएनएस की धारा 48 में अपराध माना जाएगा। किसी महिला की निजी तस्वीरें बिना महिला की इजाजत के खींचना या देखना बीएनएस में धारा 77 व किसी महिला का पीछा करना धारा 78 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा।

#### बीएनएस धाराओं के तहत अपराध व सजा

**अपराधः हत्या**
पहलेः धारा 302 आईपीसी — अबः धारा 103(1) बीएनएस
सजाः उम्रकैद, जुर्माना या मृत्युदण्ड

**अपराधः बलात्कार/दुष्कर्म**
पहलेः धारा 376 आईपीसी — अबः धारा 64 बीएनएस
सजाः 10 वर्ष का कठोर कारावास या उम्रकैद व जुर्माना

**अपराधः 12 साल के कम उम्र की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म**
पहलेः धारा 376-डीबी आईपीसी — अबः धारा 70 बीएनएस
सजाः 20 वर्ष कठोर कारावास से लेकर मृत्यु होने तक उम्रकैद व जुर्माना

**अपराधः डकैती**
पहलेः धारा 394 आईपीसी — अबः धारा 309 बीएनएस
सजाः 10 वर्ष कठोर कारावास व जुर्माना

**अपराधः डकैती के साथ गंभीर चोटें व मारने का प्रयास**
पहलेः धारा 397 आईपीसी — अबः धारा 311 बीएनएस
सजाः 7 वर्ष या उससे ज्यादा कारावास व जुर्माना

**अपराधः हत्या करने का प्रयास या जानलेवा हमला**
पहलेः धारा 307 आईपीसी — अबः धारा 109 बीएनएस
सजाः 10 साल कारावास व जुर्माना

**अपराधः धोखाधड़ी**
पहलेः धारा 420 आईपीसी
अबः धारा 318 (2) बीएनएस
सजाः 7 साल कारावास व जुर्माना

**अपराधः संगठित अपराध के माध्यम से किसी की मृत्युकारित करना**
पहलेः कोई प्रावधान नहीं था — अबः धारा 111 बीएनएस
सजाः मृत्युदंड या 10 साल कैद व जुर्माना (10 लाख से कम नहीं)

**अपराधः लापरवाही करने के कारण मृत्यु**
पहलेः 304ए आईपीसी — अबः 106 (1) बीएनएस
सजाः 5 साल कैद व जुर्माना

**अपराधः जानवर को मारकर या अपंग बनाकर शरारत करना**
पहलेः धारा 428 आईपीसी — अबः धारा 325 बीएनएस
सजाः 5 साल की सजा या जुर्माना या दोनों

## सरकार के जनविरोधी फैसलों का डटकर विरोध करेंगे राहुलः पाल्हावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास ने राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन की ओर से विपक्ष का नेता बनाए जाने का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी केंद्र में सरकार के जन विरोधी फैसलों का डटकर विरोध करते हुए सरकार की तनाशाही पर अंकुश लगाने का काम करेंगे।

बुधवार को एक बयान में अनिल पाल्हावास ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों से पहले इंडिया गठबंधन को मजबूती देने की दिशा में सराहनीय प्रयास किए। उन्हीं के प्रयासों की बदौलत भाजपा का 400 पार का सपना चकनाचूर हो गया। इंडिया गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने के बावजूद इन चुनावों में अच्छी सफलता मिली, जो राहुल गांधी की मेहनत और दूरगामी सोच परिणाम है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनकर गठबंधन की एकता और मजबूती का परिचय दिया है। राहुल गांधी सरकार के जन विरोधी फैसलों का लोकसभा में खुलकर विरोध कर सकेंगे।

#### प्रदेश में बढ़ रही कांग्रेस की ताकत

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान की रणनीति लोकसभा चुनावों में कारगर साबित हो चुकी है। इन चुनावों में कांग्रेस का प्रदेश में वोट प्रतिशत बढ़ा है, जिससे यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से मुक्ति पाने के लिए कांग्रेस की ओर निगाहें लगाए हुए है।

## नरेंद्र गागड़वास को कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



■ गागड़वास ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

लोहारू हलके के युवा कांग्रेस नेता एंव पूर्व जिला पार्षद नरेंद्रराज गागड़वास को कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश प्रवक्ता की बड़ी जिम्मेदारी दी है। गागड़वास ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। पार्टी के नेता रमेश ठेकेदार बावल ने गागड़वास को बधाई देते हुए पूर्व सीएम चौ. भूपेंद्रसिंह हुड्डा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। ठेकेदार ने बताया कि नरेंद्र गागड़वास पूर्व में इनेलो के युवा प्रदेश प्रभारी जैसे पद पर रह चुके हैं। उन्होंने 2016 में जिला परिषद के चुनाव में निवर्तमान चेयरमैन राजबीर कटारिया को हराकर अपने राजनैतिक कैरियर की शुरूआत की थी। नरेंद्र गागड़वास ने अपनी नियुक्ति के लिए राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व सीएम भूपेंद्रसिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज डायरी

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



रेवाड़ी। सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात तक चले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया। भजन गायक गोपाल वर्मा ने अपने मधुर स्वर में सुंदरकाडं पाठ किया और अनेक भजन सुनाकर भक्तों को भावविभोर किया। मंदिर के पुजारी पंडित विजेंद्र भारद्वाज बालाजी धामवाले ने बाबा का पूजा-अराधना कराई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि आगामी 9 जुलाई मंगलवार को मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के संस्थापक एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता ने बताया कि इच्छापूर्ण चोलेवाले हनुमान जी के प्रति भक्तों की अगाढ़ आस्था है, जिन भक्तों की मुराद पूरी होती है, वह मंदिर में हनुमान सुंदरकांड पाठ कराते हैं तथा भंडारे का आयोजन सभी भक्तों के सहयोग से किया जाता है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि एडवोकेट बलजीत यादव, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के हरियाणा प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ, जिला महामंत्री भाजपा सत्यदेव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष हुकम सिंह यादव, प्रधान बिल्लू पोसवाल, नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, संजय चौहान, गिरीश सिंगला व विजय मास्टर सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### बच्चों ने निकाली नशा मुक्ति जागरुकता रैली




रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से 15 दिन तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर आमजन व युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। पुलिस की ओर से अभियान के अंतिम दिन राव तुलाराम स्टेडियम से अंबेडकर चौक तक नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकली गई। डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी ने कहा कि जागरूकता रैली का उद्देश्य जनमानस को नशे से दूर रहने का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी समाप्त करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सूर्य की रोशनी से अंधकार दूर होता है। उसी प्रकार इस अभियान से लोगों के जीवन से नशे रुपी अंधकार को दूरकर उनके जीवन में सामाजिक अच्छाई का प्रकाश जागृत करना है। जागरूकता रैली माध्यम से करीब 1500 लोगों को जागरूक किया गया।

## रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहींः डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीएसपी पवन कुमार।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में बुधवार को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस ने ह्यूमन हेल्प वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर डीएसपी हैडक्वाटर पवन कुमार, साइकिलिस्ट महेश कुमार, नागरिक अस्पताल से डॉ मोनिका राव व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर डीएसपी पवन कुमार ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहीं है। रक्त के अभाव में काफी मरीजों की मौत हो जाती है, जो कि हमारे लिए बड़ी चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि अभी भी ज्यादातर लोगों में रक्तदान करने के प्रति झिझक कायम है, जिसको दूर किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे माध्यमों से ही हम लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित कर सकते हैं। स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि जिन लोगों को रक्त की जरूरत होती है उनको वह समय पर रक्त मिल सकें। इस अवसर पर डीएसपी ने रक्तदाताओं को बैज

### विवाहिता को प्रताड़ित करने पर पति सहित चार पर केस

कोसली। श्याम नगर गांव की एक विवाहिता ने गुरुग्राम जिले के जमालपुर गांव निवासी अपने पति सहित मामा ससुर, मामी सास व पति की ममेरी बहन पर दहेज प्रताड़ना व विश्वासघात का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 20 नवंबर 2021 में एजुकेशन हवलदार जोगेन्द्र से हुई थी। उसके माता-पिता ने विवाह में कारव जेवरात सहित सभी सामान दिया था। 4 अप्रैल 2023 को उसका पति जोगेंद्र ड्यूटी पर चले गए। एक माह बाद उसके फोन पर पति की मामी धनवंती का फोन गया था, जिसके बाद उसके पति जोगेंद्र ने उनका टेलीफोन उठाना बंद कर दिया। इस दौरान उनके पति अगस्त 2023 में एक माह तथा सितंबर में 22 दिन की छुट्टी लेकर आए, परन्तु उपरोक्त समय वह अपने मामा-मामी के पास रहे। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति को उनके मामा सुरेन्द्र, मामी धनवंती व उनकी लड़की सुनीता तथा उनके देवर प्रवीण ने उकसाया है। उसके बाद से पति ने उन्हें खर्च के लिए कोई पैसा नहीं दिया है, जबकि वह अपने ससुराल जमालपुर में ही रह रही है। उनका खर्चा व भरण पोषण उनके पिता कर रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसका पति अब गाड़ी दिलाने का दबाव बना रहा हैं। विवाहिता के अनुसार पति के माता पिता का बचपन में ही स्वर्गवास हो गया था।

### सेक्टर-19 में बुनियादी सुविधाओं के अभाव

# कोसली विधायक ने क्षेत्र की मांगों को लेकर सीएम को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



■ मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को समाधान कराने के साथ-साथ एक सप्ताह के भीतर ग्राम पंचायत व सरपंचों को बड़ा तोहफा दिए जाने का भरोसा दिलाया।

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने जाटूसाना बस स्टैंड स्थित शराब ठेके को स्थानांतरण करने, राजकीय व सोसायटी पॉलिटेक्निक के गैस्ट फैकल्टी को नियमित करने व सभी लाभ के साथ 58 वर्ष तक नौकरी सुरक्षा प्रदान करने, सनसिटी सेक्टर छह-सात की वैलफेयर सोसायटी फ्लैट्स को नियमों में राहत प्रदान कर नियमित करने, सेक्टर-19 की सड़क, सीवर व पानी समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, एचकेआरएनएल पीजीटी व टीजीटी टीचरों को अन्य रिक्त पदों पर समायोजित कराकर जॉब सुरक्षा प्रदान किए जाने तथा बीकेपुर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बहुउद्देशीय हॉल बनाए जाने सहित ग्राम पंचायतों व सरपंचों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपे है। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को समाधान कराने के साथ-साथ एक सप्ताह के भीतर ग्राम पंचायत व सरपंचों को बड़ा तोहफा दिए जाने का भरोसा दिलाया। कोसली विधायक ने बताया कि जाटूसाना बस स्टैंड पर एक शराब ठेका है। बस स्टैंड के निकट मंदिर व शिक्षण संस्थान होने के कारण महिलाओं, विद्यार्थियों तथा छात्राओं का आवागमन होता है। इसलिए ठेके को शीघ्र अति शीघ्र अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने बताया कि हरियाणा में विभिन्न राजकीय व सोसायटी पोलिटैक्निक में कार्यरत करीब 450 गैस्ट फैक्लटी है। जो पिछले दस वर्षो से नियमित लेक्चरर की कमी को पूरा करने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। इन फैक्लटी को स्वीकृत पदों पर नियमित का विचार किया जाना चाहिए तथा उन्हें 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा भी प्रदान की जाए।

विधायक ने कहा कि शहर के सेक्टर-19 में कोई विकास कार्य नहीं हो पाए हैं। यहां की सडकें टूटी हुई है। पार्क बदहाल अवस्था में है। सडकों पर कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं है। प्रवेश द्वार नहीं है। कचरा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। सीवर का पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में सेक्टर-19 के लोगों को जीवन यापन करना पड़ रहा है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर के प्रति बढ़ रहा लोगों का रुझानः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की परेशानियों को विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ दूर करने में लगे हुए हैं। बुधवार को डीसी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया। डीसी हुड्डा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों के समाधान को लेकर जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर समाधान शिविर में निरंतर पहुंच रहे हैं। प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान कराने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं।

### भावांतर राशि की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से बुधवार को डीसी राहुल हुड्डा को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की भावांतर की बकाया राशि व फसलों की क्षतिपूर्ति राशि को दिलाने की मांग की। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि अगर 5 जुलाई तक किसानों को राशि नहीं दी गई तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी आंदोलन शुरू करेगी। 5 जुलाई को किसान भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूनी आ रहे हैं। उनके समक्ष किसान व मजदूर अपनी समस्याएं रखेंगे। डीसी ने यूनियन को किसानों के पैसे जल्द ही उनके खाते में डालने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान नेता वेद फोगाट, राज सिंह ढिल्लों, लाल सिंह, शीशराम, सुरेंद्र व काजल कुमारी सहित किसान नेता मौजूद थे।

### बाल भवन में फ्री मैजिक शो 4 से 7 जुलाई तक



रेवाड़ी। जादू के हैरतअंगेज कारनामों से सबको रोमांचित करने के लिए विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के तत्वावधान व जिला प्रशासन के सहयोग से अपने हैरतअंगेज जादू शो के माध्यम से बाल भवन सभागार में 4 से 7 जुलाई तक जिला वासियों का मनोरंजन करेंगे। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर प्रतिदिन दो शो की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि जादू शो में आमजन के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। सम्राट शंकर का जादू शो प्रतिदिन दो शो दोपहर 1 बजे से व सायं 7 बजे से आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान जादूगर सम्राट शंकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, जल बचाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों बारे आमजन को जागरूक भी करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के आरोप में दो पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** आदर्श नगर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले कृष्ण कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह आदर्श नगर में किराए के मकान में रहता हे। वह नींव खुदाई का कार्य करने के लिए घर से निकला था। कुछ दूर जाते ही सुभाष बस्ती निवासी मनीष व मोंटू ने उसे रोककर मारपीट करना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे छुड़वाया।

### मारपीट व धमकी मामले में एक काबू

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ मारपीट करने और छेड़छाड़ करते हुए धमकी देने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 5 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इसके बाद आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रही थी। पुलिस ने एक गांव निवासी सरोज देवी को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### हादसे के बाद ट्रक चालक पर केस दर्ज

**बावल।** गत 9 मई को सेक्टर-3 में हुए सड़क हादसे में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। अरुणाचल प्रदेश निवासी विक्की कुर्मी किसी काम से अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रहा था। सेक्टर-3 के पास एक ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। उसे गंभीरावस्था में निजी अस्पताल ले जाने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। उसकी भाभी दीपा सोनार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक पीओ को दूसरी बार गिरफ्तार किया है। दिल्ली के प्रेम नगर निवासी सूरज तिवारी के खिलाफ 15 अप्रैल को आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। 15 नवंबर 2023 को कोर्ट ने उसे पीओ घोषित किया था। इससे पूर्व पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी थी। उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया था। आरोपी को फिर से कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नप के अधिकारियों ने डीसी और एडीसी के आदेश पर बाजार में जलभराव सहित अनेक समस्याओं का लिया जायजा

# व्यापारियों ने आवाज उठाई तो नगर परिषद टीम बाजार में नजर आई, गंदगी से अटे मिले नाले

- बाजार में लंबे समय से सडकों पर गड्ढें, नालों में गंदगी, अतिक्रमण व सीवर जाम की समस्याओं से दुकानदार व ग्राहक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के मुख्य बाजार की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। बाजार में लंबे समय से सडकों पर गड्ढें, नालों में गंदगी, अतिक्रमण व सीवर जाम सहित अनेक समस्याएं व्यापारियों व बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से इस ओर कोई घ्यान नहीं दिया जा रहा है।

बाजार में व्याप्त समस्याओं को लेकर गत दिवस संयुक्त व्यापार संगठन के बैनर तले सभी बाजार के प्रधानों ने डीसी राहुल हुड्डा से मुलाकात कर समाधान करने की मांग की थी, जिस पर बुधवार को नगर परिषद के अधिकारियों की टीम लंबे समय बाद बाजार का निरीक्षण करती नजर आई। नगर परिषद के ईओ संदीप मलिक, एक्सईएन राघव, नप सचिव प्रवीण कुमार, सीएसआई सुधीर कुमार व जेई सहित नप चेयरमैन प्रतिनिधि बलजीत यादव व नगर पार्षद भूपेन्द्र गुप्ता बाजार में पहुंचे। इस दौरान बाजारों के प्रधान भी मौजूद थे। नगर परिषद टीम ने मोती चौक बाजार से गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यवस्था का जायजा लिया।






रेवाड़ी। गोकल गेट के पास मेनहोल की जाती हटाकर देखते अधिकारी, रेलवे रोड पर टूटी पड़ी जाली देखते नप अधिकारी तथा धारूहेड़ा में नालों की सफाई करते कर्मचारी। फोटो हरिभूमि

### निरीक्षण के दौरान गंदगी से भरे मिले नाले

ईओ संदीप मलिक ने बताया कि गत दिवस सभी व्यापारी संगठनों ने डीसी राहुल हुड्डा और एडीसी एवं डीएमसी अनुपमा अंजलि से मुलाकात करके बाजार की समस्याएं रखी थीं, जिसके बाद अधिकारियों ने समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान नालों की जालियां हटाकर देख तो गंदगी से भरी हुई थी तथा मेनहोल की जालियां तक टूटी हुई पाई गई। गोकल गेट से लेकर रेलवे रोड तक बरसात के समय हालत बहुत बदतर हो जाते है। इस बार नगर परिषद की ओर से बरसात के मौसम से पहले नालों तक की सफाई तक नहीं कराई गई है। ईओ मलिक ने कहा कि नालों की तुरंत सफाई कराई जाएगी तथा शहर व बाजार में जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। नगर परिषद अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बाजार की अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया।

### व्यापारियों ने बताई थी यह समस्याएं

व्यापारियों ने बाजार की जर्जर सड़कों का निर्माण करने, सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाजार में भारी तथा चौपहिया वाहनों पर प्रतिबंध, नगर परिषद की ओर से दुकानों पर बेवजह लगाए गए डवलपमेंट चार्ज को हटाने, सड़कों के बीचों-बीच एक फीट का डिवाइडर बनाकर लाइटें तथा पौधे लगाने, सड़क बनाने से पहले सीवर लाइनों में बड़े पाइप डालने, सभी बाजारों में पीने के पानी की व्यवस्था के साथ वाशरूम का निर्माण करने, बाजारों में गोवंश की समस्या से निजात दिलाने, बाजारों से अतिक्रमण हटाने, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अलग से वेंडिंग जोन बनाने, बाजार में पुलिस राइडर की स्थाई व्यवस्था करने, ब्रास मार्केट में पानी निकासी की व्यवस्था करने, नया बाजार के खाली प्लाट से डंपिंग यार्ड हटाने तथा रविवार को लगने वाले संडे बाजार को बंद करने की मांग की थी।

### धारूहेड़ा में नपा ने शुरू की नालों की सफाई

प्री मानसून बरसात शुरू होने के बाद बुधवार को नगरपालिका की ओर से धारूहेड़ा में गंदगी से अटे नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। कस्बावासियों की ओर से नालों की सफाई कराने की मांग की जा रही थी, जिस पर एडीसी व डीएमसी अनुपमा अंजलि ने संज्ञान लेते हुए नपा अधिकारियों को नालों की तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। नपा सचिव प्रवीण कुमार ने बुधवार को सफाई कर्मचारियों की टीम को नालों की सफाई करने के लिए लगा दिया है। नालों की सफाई होने से धारूहेड़ा में होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## 2229 लाभार्थियों को मिले प्लाटों के स्वामित्व प्रमाण पत्र




रेवाड़ी। स्वामित्व प्रमाण पत्र लेते हुए प्लाट धारक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा प्रदेश के गरीबों परिवारों का अपने घर का सपना साकार करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले से चुने गए प्लाट धारकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से शहर के सेक्टर-18 और 19 में 2229 लाभार्थियों को तीस-तीस गज के प्लाट आवंटित हुए हैं। लाभपात्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, घुमंतू जाति, अनुसूचित वर्ग तथा विधवा महिलाएं शामिल हैं। जिले में घुमंतू परिवारों के 15, विधवा श्रेणी में 248, अनुसूचित वर्ग के 662 एवं 1304 अन्य लाभपात्र शामिल हैं। हाउसिंग फोर ऑल डिपार्टमेंट ने इन सभी आवेदकों को एचएसवीपी से मिलकर भूखंड दिए हैं। आवेदकों को एक प्लाट के लिए कुल एक लाख की राशि जमा करानी है, जिसमे दस हजार रुपए प्लाट के कागजात मिलने के बाद एक माह में और शेष 80 हजार रुपए की राशि 6 किस्तों में प्लॉट का कब्जा मिलने के बाद अदा करनी है।

## कंपनी में नौकरी के लिए आई थी बावल युवक के फरार होने के बाद लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कंपनी में नौकरी लगवाने के बहाने राजस्थान के भरतपुर से युवक के साथ आई 22 वर्षीय एक महिला ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। युवक के कमरे से फरार होने के बाद महिला ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस के अनुसार राजस्थान के भरतपुर का एक युवक गजानंद आईएमटी में एक कंपनी में नौकरी करता है। उसकी भरतपुर निवासी एक महिला के साथ दोस्ती थी। युवक उसे कंपनी में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब एक सप्ताह पूर्व अपने साथ लेकर आया था। वह प्राणपुरा रोड पर किराए के कमरे में रह रहा है। महिला को उसने अपने कमरे पर ही रखा हुआ था। बताया गया है कि युवक कमरे पर महिला को छोड़कर अचानक लापता हो गया। फोन करने पर उसने महिला का फोन नहीं उठाया। इससे आहत होकर महिला ने मंगलवार की रात कमरे पर फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आई, तो आसपास रहने वाले लोगों ने कमरे में झांककर देखा। उसका शव कमरे के हुक से लटका हुआ था। लोगों ने इसकी सूचना थाना बावल पुलिस को दी।

**पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर बुलाया :** बावल थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सीन आफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखवा दिया। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराते हुए उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बेटे व पुत्रवधु पर लगाया मारपीट का आरोप, दोनों के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** डाबड़ी में एक महिला व उसकी बेटी के साथ मारपीट करने के आरोप में सदर थाना पुलिस ने उसके बेटे व पुत्रवधु के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में उपचाराधीन राजबाई ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्रवधु शीत और बेटा मनोज अक्सर उसके साथ झगड़ा करते हैं। 24 जून को दोनों ने उसे डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसकी बेटी पूनम ने उसका बचाव करना चाहा तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि दोनों उसे बार-बार घर से बाहर निकलने की धमकी देते हैं। आए दिन उसके साथ झगड़ा व मारपीट करते हैं। उसकी बेटी ने बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। बाल भवन में नुक्कड़ नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर रैली व नुक्कड़ नाटक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध तस्करी दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल परिसर से जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नेहरू युवा केंद्र के नवयुवकों एवं युवतियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रैली का शुभारंभ सिविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सतीश मस्तान एंड पार्टी की ओर से अस्पताल परिसर में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें नशे के बढ़ते हुए दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डा. अशोक कुमार, डा. धर्मेन्द्र, डिप्टी सिविल सर्जन जोगेन्द्र सिंह तंवर, डा. इन्द्रजीत व डा. आशीष मौजूद थे। डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था की ओर से बाल भवन में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने बताया कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए घातक होता जा रहा है।

### एटीएम में चोरी के प्रयास का एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** वर्ष 2022 में ब्रास मार्केट में बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ में चोरी का प्रयास करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 20 अप्रैल 2022 को एटीएम बूथ में चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन उसी समय पुलिस की गाड़ी का सायरन बजने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर रितु के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में चालान पेश कर दिया था। अब इस मामले में एक और आरोपी नारनौल के माली टिब्बा मोहल्ला निवासी राकेश उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे भोंडसी जेल भेजने के आदेश जारी हुए।



रेवाड़ी। साइकिल रैली में शामिल पुलिस व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## नशे के दुष्प्रभाव व बचाव के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकाली गई। डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी ने साइकिल रैली को रवाना किया। पुलिस टीम पिछले 15 दिनों से आमजन व युवाओं को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा तहत नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है। साइकिल रैली मॉडल टाउन एसएचओ कृष्ण कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। डीएसपी चौधरी ने कहा कि आज नशा समाज को खोखला कर रहा है। पुलिस विभाग की ओर से जिलेको नशा मुक्त करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है और नशा तस्करों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले युवाओं को भी मुख्यधारा में लाने की जरूरत है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। साइकिल रैली राव तुलाराम स्टेडियम से शुरू होकर पोसवाल चौक, राजेश पायलट चौक, आईओसी चौक, राजीव चौक व सेक्टर-3 होते हुए वापस राव तुलाराम स्टेडियम में संपन्न हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

### स्वतंत्रता सेनानियों व आश्रितों को एक जुलाई से मिलेगी 40 हजार रुपये पेंशन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन पहली जुलाई 2024 से लागू होगी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं।

हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसंबर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई से उनकी मासिक पेंशन 10,000 रुपए से बढकर 20,000 रुपए हो जाएगी। इसके अतिरिक्त हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में मुफ्त यात्रा तथा वोल्वो बसों में 75 प्रतिशत किराया माफ किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन की राशि भी 25,000 रुपए से बढ़ाकर 40,000 रुपए कर दी गई है।


## दोपहर बाद मौसम ने एक बार फिर ली करवट

# मौसम में बदलाव से हवा में बढ़ी नमी उमस भरी गर्मी ने जमकर किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जून माह के अंत में मौसम में आ रहे बदलाव ने लोगों को लू के प्रकोप से राहत दे दी है, परंतु हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस और चिपचिपाहट भरी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया है। मौसम बार-बार बदल रहा है। दोपहर तक तेज धूप के बाद शाम के समय बादल छाने और कुछ इलाकों में बौछारें गिरने से राहत मिल जाती है। शाम के समय कुछ इलाकों में तेज आंधी के बाद मौसम के तेवर नरम पड़ गए।

बुधवार को सुबह के समय बादल छाने के बाद दोपहर तक आसमान साफ हो गया। कई इलाकों में हो चुकी हल्की बरसात के कारण हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी तक पहुंच गया। लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलने के कारण दोपहर बाद तक लोग उमस भरी गर्मी के कारण पसीने में भीगते रहे। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान 3.2 डिग्री बढ़कर 28.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दोपहर तक भारी उमस बनी रही, जिसने लोगों का जमकर पसीना छुड़ाया। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छाने के बाद करीब 20 मिनट हुई बरसात से गर्मी का असर कुछ कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार इस समय कई इलाकों में हल्की या तेज बरसात होने की संभावना है। अगले तीन-चार दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान प्री-मानसून बरसात होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में बदलाव के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव भी बना रहेगा। अच्छी बरसात के बाद ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकेगी।




रेवाड़ी। एक खेत में ऊगी कपास की फसल तथा दोपहर बाद शहर में आई बरसात से जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

### बाजरे की बिजाई का सही समय आया

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिणी हरियाणा की प्रमुख खरीफ फसल बाजरा की बिजाई का यह सही समय है। बाजरे की बिजाई बरसात पर निर्भर करती है। किसान जून माह के शुरू से ही अच्छी बरसात का इंतजार कर रहे हैं। बाजरा बिजाई के लिए किसानों ने अपनी जमीन तैयार की हुई है। अगर इस समय अच्छी बरसात होती है, तो किसान तुरंत बिजाई का कार्य शुरू कर सकेंगे। कपास की अगेती बिजाई करने वाले किसान भी बरसात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बरसात के बिना सिंचाई करना मुश्किल बना हुआ है।